# नेपा लिमिटेड में निक्षय अभियान - टीबी मुक्त भारत की दिलाई शपथ



**नेपानगर ■ ध्रुव वाणी।**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में गुरुवार को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन और मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार (भारतीय राजस्व सेवा) के मुख्य आतिथ्य में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार झंझडीवाल और उनकी टीम द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत की पहली महिला शिक्षिका और आधुनिक भारत की शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले को 194 वी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार द्वारा टीबी के लक्षणों और उसकी रोकथाम की जानकारी देकर टीबी मुक्त अभियान के तहत उपस्थित अफसर कर्मियों को सामूहिक शपथ दिलाई गई। मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने सभी को सेवा भाव से समाज को स्वस्थ बनाने के लक्ष्य पर जोर देते हुएं इस अभियान से जुड़ने का आव्हान किया। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने टीबी मुक्त भारत अभियान में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय की भूमिका की सराहना करते हुएं पूरी टीम के प्रयासों की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार झंझडीवाल नेने बताया कि टीबी एक जीवाणुजनित रोग है। जो माइक्रोबैक्टीरियम के कारण होता है। यह बीमारी आम तौर पर फेफडों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति को 14 दिन से अधिक खांसी आये, बुखार हो, वजन घटे, खांसी में खून, गले में गांठे हो तो यह लक्षण टीबी के हो सकते है। ऐसे व्यक्ति निकटतम् स्वास्थ्य केन्द्र जाकर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लें। उन्होंने कहा कि लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करके इसे सफल बनायें, जिससे अंतर्राष्ट्रीय टीबी दिवस 24 मार्च 2025 तक हमारे क्षेत्र को टीबीमुक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने माना। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त विभाग सीएन वर्मा, विकास रेड्डी, डॉक्टर मसूद मशरूवाला, डॉक्टर राजश्री मोरे सूर्यवंशी, कैलाशचंद्र वर्मा, ज्योति वर्मा, रिजवान शाह, उदेश नकुल, मुकेश चौहान, प्रतीक गणेचर, पंकज सपकाले, गणेश दीक्षित, रीतिका भमोरे, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, संदीप कुमार माले, ईशान व्यास, पंकज मराठे, सिस्टर सुचेता सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

# नेपा लिमिटेड में निक्षय अभियान टीबी मुक्त भारत की दिलाई शपथ




**दैनिक खबरों की रोशनी जिला ब्यूरो चीफ रविंद्र इंगले**

**बुरहानपुर।** नेपानगर में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में गुरुवार को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन और मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार( भारतीय राजस्व सेवा)के मुख्य आतिथ्य में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार झंझडीवाल और उनकी टीम द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत की पहली महिला शिक्षिका और आधुनिक भारत की शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले को 194 वी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार द्वारा टीबी के लक्षणों और उसकी रोकथाम की जानकारी देकर टीबी मुक्त अभियान के तहत उपस्थित अफसर कर्मियों को सामूहिक शपथ दिलाई गई। मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने सभी को सेवा भाव से समाज को स्वस्थ बनाने के लक्ष्य पर जोर देते हुएं इस अभियान से जुड़ने का आव्हान किया। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने टीबी मुक्त भारत अभियान में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय की भूमिका की सराहना करते हुएं पूरी टीम के प्रयासों की सफलता हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार झंझडीवाल ने ने बताया कि टीबी एक जीवाणुजनित रोग है। जो माइक्रोबैक्टीरियम के कारण होता है। यह बीमारी आम तौर पर फेफडों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति को 14 दिन से अधिक खांसी आये,बुखार हो,वजन घटे,खांसी में खून,गले में गांठे हो तो यह लक्षण टीबी के हो सकते है। ऐसे व्यक्ति निकटतम् स्वास्थ्य केन्द्र जाकर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लें। उन्होंने कहा कि लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करके इसे सफल बनायें,जिससे अंतर्राष्ट्रीय टीबी दिवस 24 मार्च 2025 तक हमारे क्षेत्र को टीबीमुक्त बनाया जा सके। कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने माना। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव,उप प्रबंधक वित्त विभाग सीएन वर्मा,विकास रेड्डी, डॉक्टर मसूद मशरूवाला,डॉक्टर राजश्री मोरे सूर्यवंशी, कैलाशचंद्र वर्मा, ज्योति वर्मा,रिजवान शाह,उदेश नकुल, मुकेश चौहान,प्रतीक गणेचर,पंकज सपकाले,गणेश दीक्षित,रीतिका भमोरे,मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, संदीप कुमार माले, ईशान व्यास,पंकज मराठे,सिस्टर सुचेता सहित कई अफसर कर्मी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर

# बुरहानपुर 04-01-2025

## टीबी मुक्त भारत की दिलाई शपथ, श्रद्धांजलि अर्पित की

भास्कर संवाददाता | नेपानगर




केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में गुरुवार को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन और मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा के मुख्य आतिथ्य में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझड़ीवाल और उनकी टीम द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत की पहली महिला शिक्षिका और आधुनिक भारत की शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले को 194वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार द्वारा टीबी के लक्षणों और उसकी रोकथाम की जानकारी देकर टीबी मुक्त अभियान के तहत उपस्थित अफसर-कर्मियों को सामूहिक शपथ दिलाई।

मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने सभी को सेवा भाव से समाज को स्वस्थ बनाने के लक्ष्य पर जोर देते हुए इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी ने टीबी मुक्त भारत अभियान में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय की भूमिका की सराहना की। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. झंझड़ीवाल ने बताया टीबी एक जीवाणुजनित रोग है, जो माइक्रोब क्टीरियम के कारण होता है। यह बीमारी आम तौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति को 14 दिन से अधिक खांसी आए, बुखार हो, वजन घटे, खांसी में खून, गले में गठें हो तो यह लक्षण टीबी के हो सकते हैं। ऐसे व्यक्ति निकटतम स्वास्थ्य केंद्र जाकर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लें। उन्होंने कहा कि लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करके इसे सफल बनाएं जिससे अंतरराष्ट्रीय टीबी दिवस 24 मार्च 2025 तक हमारे क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाया जा सके। इस दौरान प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त विभाग सीएन वर्मा, विकास रेड्डी, जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे, प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी, डॉ. मसूद मशरूवाला, डॉ. राजश्री मोरे सूर्यवंशी, कैलाशचंद्र वर्मा, ज्योति वर्मा, रिजवान शाह, उदेश नकुल, मुकेश चौहान, प्रतीक गणेचर, पंकज सफकाले, गणेश दीक्षित, रीतिका भमोरे, मोहम्मद इलियास सिद्दीकी, संदीप कुमार माले, ईशान व्यास, पंकज मराठे, सिस्टर सुचेता सहित अफसर, कर्मचारी मौजूद थे।

पत्रिका

नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन में आयोजन | सावित्रीबाई फुले को 194वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

## मार्च तक टीबी मुक्त भारत की नेपा मिल अफसर, कर्मचारियों को दिलाई शपथ

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नेपानगर.** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन के केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में गुरुवार को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन और मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा के मुख्य आतिथ्य में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल और उनकी टीम द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले को 194वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार ने टीबी के लक्षणों और उसकी रोकथाम की जानकारी देकर टीबी मुक्त अभियान के तहत अफसर कर्मियों को सामूहिक शपथ दिलाई। मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने सभी को सेवा भाव से समाज को स्वस्थ बनाने के लक्ष्य पर जोर देते हुए इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी ने टीबी मुक्त भारत अभियान में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय की भूमिका की सराहना की।

### यह बताया बीमारी के लक्षण

नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया टीबी एक जीवाणुजनित रोग है जो माइक्रोबैक्टीरियम के कारण होता है। यह बीमारी आम तौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। यदि किसी व्यक्ति को 14 दिन से अधिक खांसी आए, बुखार हो, वजन घटे, खांसी में खून, गले में गांठे हो तो यह लक्षण टीबी के हो सकते हैं। ऐसे व्यक्ति निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र जाकर चिकित्सकीय सलाह अवश्य लें।

उन्होंने कहा कि लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करके इसे सफल बनाएं जिससे अंतरराष्ट्रीय टीबी दिवस 24 मार्च 2025 तक हमारे क्षेत्र को टीबीमुक्त बनाया जा सके। संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया। आभार प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी ने माना।



जागरुकता शिविर का आयोजन।

नेपा लिमिटेड के अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ, बीमारी के लक्षण भी बताए

# भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए जागरूकता और जांच जरूरी




टीबी मुक्त भारत के लिए जागरूकता बढ़ाने एंबुलेंस रवाना करते नेपा मिल के अधिकारी। ● सौजन्य

नईदुनिया संजय चौहान 9406689018

**नईदुनिया न्यूज, नेपानगरः** नेपा लिमिटेड के सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन और मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार के मुख्य आतिथ्य में गुरुवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अनिल कुमार झंझडीवाल ने बीमारी के लक्षण बताते हुए कहा कि जागरूकता और समय पर जांच से भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। इस दौरान देश की पहली महिला शिक्षक सावित्री बाई फुले को 194वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विनीत कुमार ने टीबी के लक्षणों और उसकी रोकथाम की जानकारी देने के साथ ही अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ दिलाई। मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने कंपनी के चिकित्सालय की सराहना करते हुए टीम के प्रयासों की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

## जीवाणु जनित रोग होता है टीबी

डा. अनिल झंझडीवाल ने बताया कि टीबी एक जीवाणु जनित रोग है, जो माइक्रो बैक्टीरियम के कारण होता है। यह बीमारी आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है। शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। व्यक्ति को 14 दिन से अधिक खांसी, बुखार, वजन घटने, खांसी में खून आने, गले में गांठ की शिकायत हो तो यह लक्षण टीबी के हो सकते हैं। निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में जांच व उपचार कराना चाहिए। उन्होंने लोगों से सक्रिय भागीदारी कर अंतर्राष्ट्रीय टीबी दिवस 24 मार्च तक क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया और आभार प्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन महेंद्र केशरी ने व्यक्त किया। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त विभाग सीएन वर्मा आदि उपस्थित थे।

स्वदेश
खंडवा - मुख्य संस्करण
Date 4 Jan 2025

## टीबी मुक्त भारत अभियान

# नेपा मिल के अफसर और कर्मचारियों को दिलाई शपथ



## पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को 194वीं जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**स्वदेश समाचार ■ नेपानगर**

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के उपक्रम नेपा लिमिटेड के प्रशासनिक भवन स्थित केंद्रीय सम्मेलन कक्ष में गुरुवार को सीएमडी राकेश कुमार चोखानी के मार्गदर्शन और मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार भारतीय राजस्व सेवा के मुख्य आतिथ्य में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कु मार झंझडीवाल और उनकी टीम द्वारा टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भारत की पहली महिला शिक्षिका और आधुनिक भारत की शिक्षा की देवी सावित्रीबाई फुले को 194वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य सतर्कता अधिकारी विनीत कुमार द्वारा टीबी के लक्षणों और उसकी रोकथाम की जानकारी देकर टीबी मुक्त अभियान के तहत उपस्थित अफसर कर्मियों को सामूहिक शपथ दिलाई गई।

मुख्य महाप्रबंधक कार्य राम अलागेसन ने सभी को सेवा भाव से समाज को स्वस्थ बनाने के लक्ष्य पर जोर देते हुए इस अभियान से जुड़ने का आव्हान किया। प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी ने टीबी मुक्त भारत अभियान में नेपा लिमिटेड चिकित्सालय की भूमिका की सराहना की। नेपा लिमिटेड चिकित्सालय के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार झंझडीवाल ने बताया टीबी एक जीवाणुजनित रोग है जो माइक्रोबैक्टीरियम के कारण होता है। यह बीमारी आम तौर पर फेफडों को प्रभावित करती है। यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करके इसे सफल बनाएं जिससे अंतरराष्ट्रीय टीबी दिवस 24 मार्च 2025 तक हमारे क्षेत्र को टीबीमुक्त बनाया जा सके।

कार्यक्रम का संचालन जन संपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने किया। आभार प्रबंधक कार्मिक व प्रशासन महेंद्र केशरी ने माना। इस दौरान प्रबंधक पेपर मशीन कुमार देशमुख, प्रबंधक वाणिज्य राजेंद्र जाधव, उप प्रबंधक वित्त विभाग सीएन वर्मा, विकास रेड्डी, डॉ. मसूद मशरूवाला, डॉ. राजश्री मोरे सूर्यवंशी, कैलाशचंद्र वर्मा, ज्योति वर्मा, रिजवान शाह सहित कई अफसर, कर्मी उपस्थित थे।